-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.10.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में नेहरु कॉन्वेन्ट स्कूल अतर्रा में जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन।**
- **"छात्राएं बिना डरे थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्दों पर करे शिकायत, महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा गोपनीयता और संवेदनशीलता के साथ की जाती है कार्यवाही"- शिवराज**
- **"लड़कियों को लड़कों से कम न समझे माता-पिता, लड़कियों को पढ़ने और आगे बढ़ने का दे पूरा मौका"- शिवराज**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2025 को **नेहरु कॉन्वेन्ट स्कूल अतर्रा** में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार, प्रभारी निरीक्षक अतर्रा श्री ऋषिदेव सिंह व थाना अतर्रा की मिशन शक्ति टीम के साथ बृहद जागरुता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं तथा आस-पास की महिलाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं आपातकालीन सहायता सेवाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों- महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा डायल यूपी 112, एंबुलेंस सेवा 108 आदि के बारे में चर्चा कर इन सेवाओं के प्रयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई। श्री शिवराज ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं या महिला हेल्पलाइन 1090 को बताएं, उनकी जानकारी गोपनीय रखते हुए तत्काल सहायता की जाएगी। जागरुकता अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बांदा पुलिस महिला सुरक्षा हेतु संवदेनशील और प्रतिबद्ध है, महिला की शिकायतों की जांच सवेंदनशील तरीके से गोपनीयता बनाए रखते हुए महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा संपादित की जा रही है। उन्होने छात्राओं से कहा कि प्रत्येक थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रो पर वे बिना डरे शिकायत कर सकती है, उनकी शिकायतों की जांच महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा संवेदनशील तरीके से की जाती है तथा उस पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही की जाती है। उन्होने छात्राओं के अभिभावकों से बातचीत करते हुए कहा कि वे लड़कियों को लड़कों से कम न समझें तथा उन्हे पढ़ने और आगे बढ़ने का पूरा मौका दें, सरकार उन्हे पढ़ने के लिए तरह-तरह की योजनाएँ चला रही है। छात्राओं से बातचीत कर उनकी कैरियर कॉउंसलिंग की गई तथा उन्हे विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही शासन द्वारा उनके सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हे पम्प्लेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया।